

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

फडणवीस सरकार का महिलाओं को बड़ा तोहफा

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 43 ■ अंक : 5 ■ गुरुवार, 6 मार्च 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# शहर में जगह-जगह खोदी गई सड़कें

## ट्रैफिक पुलिस के लिए बन गई बवाल
## ट्रैफिक जाम से उल्हासनगरवासी बेहद परेशान

- **खुदाई की गई सड़कों पर काम कछुए की गति से चल रहा है**

**उल्हासनगर.** विभिन्न स्थानों पर सड़कें खोदे जाने के कारण उल्हासनगर यातायात पुलिस पर वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने और यातायात जाम से बचने का दबाव बढ़ गया है।

शहर में सीमेंट कंक्रीट की सड़कें बनाई जा रही हैं और इसके लिए पुरानी सड़कों को खोदा गया है। जल निकासी लाइनों के लिए सड़कें भी खोदी गई हैं। ड्राइवर अक्सर खुद को बीच सड़क पर फंसा हुआ पाते हैं, जिससे वे न तो आगे बढ़ पाते हैं और न ही पीछे मुड़ पाते हैं।



अब यह आम बात हो गई है कि जहां भी ट्रैफिक जाम की सूचना मिलती है, यातायात शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंच जाते हैं और वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम से बचाते हैं।

विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पश्चिम में स्थित होटल एम्ब्रोसिया और होटल प्रवीण इंटरनेशनल के पास से सड़क की खुदाई हुए काफी समय हो गया है। यही स्थिति हीराघाट से डर्बी चौक और काजल पेट्रोल के पास भांगर गली जाने वाली सड़क की भी है। कैंप संख्या 4 और 5 में भी कई सड़कें खोदी गई हैं। सड़कें खोद दी गई हैं, लेकिन काम कछुए की गति से चल रहा है, जिससे ट्रैफिक जाम में फंसे नागरिकों में गुस्सा है। हीराघाट से डर्बी तक एकतरफा मार्ग है। हालाँकि, जब से यह सड़क खोदी गई है, यहाँ यातायात को 17वीं सेक्शन चौक से डायवर्ट कर दिया गया है। इस सड़क पर लगातार यातायात की भीड़ के कारण, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे की टीम ने बैरिकेड्स लगाकर इस सड़क पर यातायात को कम करने का प्रयास किया है।

### 'यातायात पुलिस ने मनपा को लिखा पत्र

सड़कों की खुदाई के कारण यातायात जाम हो रहा है। पुलिस को स्थिति को सुलझाने और वैकल्पिक मार्ग सुझाने के लिए चिलचिलाती धूप में खड़ा रहना पड़ता है। इसलिए यातायात शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविनाश भामरे ने मनपा को लिखे पत्र में मांग की है कि कछुए की गति से चल रहे इस काम में तेजी लाई जाए।

### काम में तेजी आएगी, विशेष परिणाम मिलेंगे



मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले ने बताया कि उन्होंने जनवरी में कार्यभार संभाला था। जहां सीमेंट कंक्रीट सड़कों का निर्माण बहुत कम प्रतिशत में हो रहा था, वहां इसमें कई गुना तेजी लाई गई है तथा इसकी निरंतर समीक्षा की जा रही है।

# महिला व बाल विकास विभाग पर डेढ़ लाख लेने का आरोप

- **नाबालिग लड़की के परिवार ने आरोप लगाया**
- **सुधार गृह से रिहा करने के लिए पैसे मांगे**
- **लड़की से तरह-तरह के काम करवाए गए**

**उल्हासनगर.** लड़की के परिवार ने आरोप लगाया है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने उल्हासनगर स्थित सरकारी बालिका संप्रेक्षण गृह में भर्ती नाबालिग लड़की से डेढ़ लाख रुपये की मांग की।

नाबालिग लड़की के परिवार ने आरोप लगाया है कि लड़की को सुधार गृह से रिहा करने के लिए पैसे की मांग की गई थी। वहीं, अभिभावकों का कहना है कि उस जगह पर लड़की से तरह-तरह के काम भी करवाए जा रहे हैं। हालांकि, लड़की के अभिभावकों ने विभिन्न राजनीतिक हस्तियों के माध्यम से हम पर दबाव बनाने की कोशिश की कि हम लड़की को यहां से छुड़वा दें। बाल विकास विभाग के अध्यक्ष ने सफाई दी है कि अभिभावक आरोप लगा रहे हैं, जबकि हमने ऐसा नहीं किया। इस बीच, उल्हासनगर 5 के एक हॉल में इस नाबालिग लड़की की शादी की तैयारी चल रही थी, लेकिन किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर इस शादी की जानकारी दे दी। इसके बाद पुलिस और महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने शादी रुकवा दी।

- **विभाग ने आरोपों का किया खंडन**

नाबालिग लड़की को उल्हासनगर स्थित सरकारी बालिका संप्रेक्षण गृह में रखा गया। उस समय परिवार ने आरोप लगाया था कि उसे सुधार गृह से मुक्त कराने के लिए पैसे मांगे गए और काम भी दिया गया। हालांकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन आरोपों से इनकार किया है।

# अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई

**कल्याण.** 65 अनाधिकृत इमारतों के विवाद और रेरा घोटाले की पृष्ठभूमि में मनपा प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। खंबालपाड़ा, डोंबिवली में एक म्युनिसिपल पार्क के आरक्षित भूखंड पर निर्मित एक अनधिकृत पांच मंजिला इमारत को ध्वस्त करने की कार्रवाई वार्ड एफ की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर की स्टाफ टीम द्वारा शुरू की गई। इससे भू-माफियाओं में खलबली मच गई है। इस ऐतिहासिक अभियान में जेसीबी, डम्पर, तथा अनधिकृत निर्माण विरोधी पुलिस कर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी शामिल थी। मनपा की सहायक आयुक्त, वार्ड एफ, हेमा मुंबरकर ने अनाधिकृत भवनों के ध्वस्तीकरण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आरक्षित भूखंडों पर अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए तथा असुरक्षित भूखंडों को खाली कराया जाना चाहिए, जैसा कि आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ द्वारा प्रदान किया गया। अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे और उपायुक्त अवधूत तावड़े के मार्गदर्शन में खंबालपाड़ा में आरक्षित भूखंड पर निर्मित अनधिकृत इमारत को गिराने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

# सड़कों की खुदाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

- **बिना कोई योजना के पूरे शहर की खुदाई**
- **कांग्रेसियों ने चालकों को बाम और मास्क बांटे**
- **खराब सड़कों से कांग्रेसी नेता हुसैन दलवई की गर्दन अकड़ी**
- **उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में भूमिगत सीवर का कार्य बिना कोई योजना के पूरे शहर में सड़कें खोद दी गई हैं। उल्हासनगर 5 स्थित नेताजी चौक इलाके में जिलाध्यक्ष रोहित सालवे के नेतृत्व में भूख हड़ताल कर इसका विरोध किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुसैन दलवई ने धरना स्थल का दौरा किया। हालांकि उल्हासनगर शहर में पहुंचने के बाद सड़कों की खराब हालत ने उन्हें इतनी परेशानी में डाल दिया कि उन्हें अपनी गर्दन को सहारा देने के लिए सीट बेल्ट लगानी पड़ी। इस बीच, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाहन चालकों को बाम और मास्क बांटकर महानगरपालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। हुसैन दलवई ने अपने बयान में कहा कि नागरिक काफी परेशान हैं क्योंकि न केवल उल्हासनगर शहर में बल्कि मुंबई में भी सड़कें खोदी जा रही हैं। उल्हासनगर कांग्रेस ने प्रदर्शन के जरिए महानगरपालिका से इन सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। अन्यथा, कांग्रेस ने कड़े विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।







# अंबरनाथ में 9 स्कूल अनधिकृत

- **अनधिकृत स्कूलों में दाखिला न लें : शिक्षण विभाग**

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ, कल्याण, भिवंडी पंचायत समिति अंतर्गत चलाई जाने वाली 13 स्कूलें अनधिकृत हैं. इन अनधिकृत स्कूलों में सबसे ज्यादा स्कूल अंबरनाथ पंचायत समिति परिसर में है. पंचायत समिति कल्याण में एक, भिवंडी में तीन और अंबरनाथ पंचायत समिति में 9 अनधिकृत स्कूल हैं. इस तरह कुल 13 अवैध स्कूल हैं. ठाणे जिला परिषद के




शिक्षणाधिकारी बालासाहेब बाक्षे ने ऐसी जानकारी दी है.

इन अनधिकृत स्कूलों पर आरटीई कानून के अनुसार कार्रवाई करने के आदेश गट शिक्षण अधिकारी को दिए गए हैं. कुछ स्कूलों को इरादा पत्र प्राप्त हुआ है. सात अनधिकृत स्कूलों पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, ऐसा कहा गया है.

अंबरनाथ तालुका पंचायत समिति में चैतन्य टेक्नो स्कूल, स्टारलाइट इंटरनेशनल स्कूल, नेसन इंग्लिश स्कूल, रूद्र इंटरनेशनल स्कूल और ऑरबिट इंग्लिश स्कूल इन स्कूलों को नोटिस भेजी गई है. अनधिकृत स्कूलों पर कार्रवाई की जा रही है. ऐसे स्कूलों में अपने बच्चों का प्रवेश ना कराएं ऐसा आह्वान शिक्षण विभाग द्वारा किया गया है. कल्याण खडवली की जी. के. इंग्लिश हाईस्कूल के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है.

# शहर में गुंडागर्दी चरम पर



- **मुफ्त में चिकन न देने पर की पिटाई**
- **चिकन विक्रेता गंभीर रूप से घायल**
- **10 से 15 लोगों ने मारा**
- **हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक विक्रेता को मुफ्त में चिकन न देने पर 10 से 12 लोगों के एक गिरोह ने पीटा। हमले में चिकन विक्रेता घायल हो गया। उल्हासनगर 5 के सेक्शन 29 में एक चिकन शॉप में इस बात को लेकर झगड़ा हो गया कि दुकानदार कुछ लोगों को मुफ्त में चिकन नहीं दे रहा है। मुफ्त चिकन न दिए जाने से नाराज दस से बारह लोगों के एक गिरोह ने दुकानदार की बुरी तरह पिटाई कर दी। हमलावरों की हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। दुकानदारों ने बताया कि उन पर लोहे की रॉड और लकड़ी के डंडों से हमला किया गया। घटना हिललाइन पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है।

# महाबोधि विहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में शांति रैली 12 मार्च को

**उल्हासनगर.** बिहार में महाबोधि महाविहार वर्तमान में ब्राह्मणों के नियंत्रण में है, इसलिए बौद्ध भिक्षुओं और अंबेडकरवादियों की ओर से महाबोधि महाविहार को मुक्त कराने के लिए पूरे देश में आंदोलन चल रहा है, ताकि इसे बौद्धों को सौंप दिया जाए और 1949 के अधिनियम को निरस्त किया जाए।

इसी के अनुरूप लुम्बिनी बुद्ध विहार, सम्राट अशोक नगर, उल्हासनगर कैंप 3 में इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विचार-विमर्श के बाद 12 मार्च को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर नगर (चोपड़ा) से प्रांतीय कार्यालय तक शांति रैली का आयोजन किया गया है। आदरणीय आनंद महाथेरो ने शहर के सभी अंबेडकर समाज और अंबेडकर राजनीतिक पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों से इस रैली में भाग लेने की अपील की है।

सम्राट अशोक नगर स्थित लुम्बिनी बुद्ध विहार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनसीपी प्रवक्ता शिवाजी रागड़े, आरपीआई (ए) जिला अध्यक्ष भगवान भालेराव, एनसीपी महिला नेता शोभाताई जाधव, वंचित बहुजन आघाड़ी के एडवोकेट उमेश केदार, बहुजन समाज पार्टी के जाधव, भारतीय बौद्ध महासभा के अनिल खंडागले और विभिन्न दलों के पदाधिकारी शामिल हुए।

इस बैठक में महाबोधि महाविहार की मुक्ति के लिए आंदोलन का समर्थन करने के लिए 12 मार्च को शांति रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

इस रैली का आयोजन कैंप 3 में डॉ. रैली दोपहर 3 बजे बाबासाहेब अंबेडकर नगर (चोपड़ा) से रवाना होगी और प्रांतीय कार्यालय तक जाएगी। वहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रांतीय अधिकारी विजयानंद शर्मा को सौंपा जाएगा। इस रैली का नेतृत्व आदरणीय आनंद महाथेरो करेंगे। इसलिए महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति अंबेडकर समाज से अपील कर रही है कि वे बड़ी संख्या में इस रैली में भाग लें और महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को समर्थन दें।

## बेडरूम से 4.26 लाख के आभूषण चोरी

**कल्याण.** डोंबिवली पूर्व स्थित एक फ्लैट के बेडरूम से 4 लाख 26 हजार रूपये के आभूषण चोरी होने की घटना प्रकाश में आई हैं, फ्लैट मालिक की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस ने पड़ोसी महिला पुरुष के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया हैं और आगे की जांच पड़ताल की जा रही हैं, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डोंबिवली पूर्व खोनी पलावा फेज दो स्थित फ्लैट नंबर 1802 निवासी धनश्री धनंजय कीर्तिकर (63) ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके बेडरूम में अलमारी में पर्स में रखे सोने के आभूषण जिनकी कीमत 4 लाख 26 हजार रुपये है, जिन्हें पदोष में फ्लैट नंबर 1803 निवासी पुनीत कौर और कुलराज सिंग ने चोरी कर लिए, धनश्री की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस ने पुनीत कौर और कुलराज सिंग के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया हैं और आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं,

# नकली कोल्ड्रिंक कारखाने को बंद रखने का आदेश

- **FDA अधिकारी ने की जांच**

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के वुलन चाल में नकली कोल्ड्रिंक बनाने वाले कारखाने का मंगलवार दोपहर में अन्न व औषधि प्रशासन के अधिकारी चिलवते ने पालिका के अधिकारी के साथ दौरा करके जांच की. कारखाने में बनाए गए कोल्ड्रिंक की 16 बोतलों को अपने कब्जे में लेकर प्रयोगशाला में जांचने के लिए भेज दिया है. ऐसी जानकारी अधिकारी ने दी है.

15 दिन के भीतर प्रयोगशाला की रिपोर्ट मिलने के आसार हैं, दब तक कोल्ड्रिंक का उत्पादन बंद रखने का आदेश एफडीए अधिकारी ने कारखाना मालिक को दिया है. मालिक को ये भी कहा गया है कि तब तक तमाम जरूरी कागजात की पूर्तता की जाए.

विदित हो कि गत दिनों बदलापुर में एक रिक्शा चालक को कोल्ड्रिंक की बोतल में कांच के टुकड़े मिले थे. ऐसी शिकायत



फाइल फोटो

अंबरनाथ निवासी मनसे जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिर्के से की गई. उन्होंने पालिका प्रशासन से शिकायत करके स्वास्थ्य निरीक्षक विनीत पाटोले के साथ जाकर कारखाने से कोल्ड्रिंक की बोतलें जब्त करके एफडीए को भेज दिया था. कारखाने में अस्वच्छता गंदगी, पुरानी बोतलों में कोल्ड्रिंक एवं उत्पादन, एक्सपायरी की तारीख तक नहीं थी. अब पालिका ने कारखानेदार को ये नोटिस जारी किया है कि जब तक रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक कारखाने के कारोबार एवं उत्पादन को बंद रखा जाए.

# कैंसर मोबाइल बस से ग्रामीणों को राहत

- **1,677 लोगों की कैंसर जांच हुई**

**ठाणे.** कैंसर निदान के लिए पिछले बीस दिनों से ठाणे जिले के ग्रामीण इलाकों में चलता-फिरता हास्पिटल घूम रहा है. इस मोबाइल वाहन के माध्यम से नागरिकों की मुक का कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय कैंसर की जांच की जा रही है। इस जांच के माध्यम से जिले में मुख कैंसर के 22 संदिग्ध मामले, गर्भाशय कैंसर के 12 संदिग्ध मामले तथा स्तन कैंसर के तीन संदिग्ध मामले पाए गए हैं। शाहपुर तालुका के आवले गांव में कैंसर मोबाइल बस का यह आखिरी दिन था। अब यह बस दो महीने में रायगढ़ और पालघर जिलों से फिर ठाणे जिले में आएगी।

कैंसर मोबाइल बस शाहपुर तालुका के आवले गांव पहुंची और ग्रामीणों की भीड़ बस के पास जमा हो गई। जिला दंत शल्य चिकित्सक डॉ. अर्चना पवार ने प्रारंभ में सभी नागरिकों को इस बस के महत्व तथा इस पर की जाने वाली जांचों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद नागरिकों की स्वास्थ्य जांच शुरू हुई। इस गांव के 39 निवासियों की आरंभिक तौर पर मौखिक कैंसर की जांच की गई। इसके बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. डॉ. अविनाश बढिये ने 28 महिलाओं की स्तन कैंसर और 28 महिलाओं की गर्भाशय कैंसर की जांच की। जिन मरीजों में कैंसर के लक्षण पाए गए, उन्हें आगे के उपचार की सलाह दी गई।



गांव के नागरिकों को होने वाली इस असुविधा को रोकने के लिए उन्हें तत्काल उपचार एवं चिकित्सीय सलाह मिलनी चाहिए, ऐसा स्वास्थ्य उपनिदेशक डॉ. अशोक नंदापुरकर के मार्गदर्शन में ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिलों में यह कैंसर मोबाइल बस शुरू की गई है। यह बस 11 फरवरी से 28 फरवरी तक ठाणे जिले के विभिन्न गांवों और पाड़ों तक पहुंची। इस बस में प्रतिदिन 100 से 150 नागरिकों की मौखिक, स्तन और गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जांच की जाती थी।

कैंसर मोबाइल बसें शाहपुर, मुरबाड, कल्याण, अंबरनाथ और भिवंडी तालुका के विभिन्न गांवों और बस्तियों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच रही थीं। वहां बस में नागरिकों की जांच की जा रही थी। 11 फरवरी से 28 फरवरी के बीच 851 नागरिकों की मौखिक कैंसर, 549 महिलाओं की स्तन कैंसर, तथा 277 महिलाओं की गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जांच की गई। इनमें से 22 मरीजों में मौखिक कैंसर के लक्षण पाए गए। जिला शल्य चिकित्सक एवं दंत चिकित्सक डॉ. अर्चना पवार ने दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह बस दो महीने बाद ठाणे जिले में वापस आएगी।

नागरिकों से बातचीत के दौरान पता चला कि गांव से उप जिला अस्पताल तक जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। गांव की बढ़ई मंजू सुतार ने बताया कि मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाना बहुत मुश्किल है। इसलिए गांव की गर्भवती महिलाओं को भी मासिक सोनोग्राफी के लिए उप-जिला अस्पताल जाना पड़ता है। कुछ गर्भवती महिलाओं ने बताया कि चूंकि गांव में रिक्शा या अन्य वाहन उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए उन्हें एक घंटे तक पैदल चलना पड़ता है और फिर रिक्शा मिलता है।

## उल्हासनगर कांग्रेस कमेटी की ओर से

# मनपा चुनाव को लेकर बैठक एवं पक्ष प्रवेश कार्यक्रम सम्पन्न

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आगामी मनपा चुनाव को लेकर अगली रणनीति और इच्छुक उम्मीदवारों पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे ने सभी इच्छुक उम्मीदवारों और पदाधिकारियों को काम पर लग जाने के निर्देश दिए हैं।

कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाने, नागरिक समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए तत्पर रहने, वक्तव्य जारी करने, विरोध प्रदर्शन करने, सत्तारूढ़ दल के झूठे और भ्रष्ट तरीकों से जनता को अवगत कराने, जन-हित के कार्यक्रम



आयोजित करने, सरकारी योजनाओं को लागू करने आदि का निर्णय लिया गया।

साथ ही समान विचारधारा वाले, शिक्षित एवं जनता की सेवा के लिए तत्पर लोगों को जोड़ने तथा नगर निगम चुनाव के लिए विकल्प के रूप में अच्छे एवं नए चेहरों को टिकट आवंटित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

इस बैठक के बाद उल्हासनगर शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. हितेश सचवानी ने कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में तथा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। बैठक में जिला अध्यक्ष रोहित साल्वे के सह प्रवक्ता आसाराम टाक, राजेश मल्होत्रा, ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धड़के, नानिक आहूजा, सुनील बहरानी, जिला उपाध्यक्ष शाम माधवी, राजेश फेक, जिला महासचिव दीपक सोनोने, युवराज पगारे, वामदेव भोयर, आबासाहेब साठे, नीलेश जाधव, ईश्वर जग्यासी, डॉ. हितेश सचवानी, दीपक गायकवाड़, अंसार शेख, उषा गिरी, विद्या शर्मा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

## बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर बुरा असर

आधुनिक तकनीकी और इंटरनेट से लैस स्मार्टफोन तक जैसे-जैसे आम लोगों की पहुंच बन रही है, वैसे-वैसे कई स्तर पर इसके नुकसान भी सामने आ रहे हैं। खासकर स्मार्टफोन में गेम खेलने की लत का सबसे ज्यादा असर युवाओं और बच्चों पर पड़ा है, जिनका व्यक्तित्व इससे बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। यह चिंता आम है कि मोबाइल में गेम की लत के चलते बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही है। मगर ज्यादा त्रासद घटनाएं वे हैं, जिनमें हमेशा स्मार्टफोन देखने या गेम खेलने की आदत की वजह से बच्चे अपने परिजनों पर हमला कर देते या फिर अपनी ही जान ले लेते हैं।

गौरतलब है कि ओड़ीशा में जगतसिंहपुर जिले के जयबाड़ा सेठी साही गांव में एक छात्र ने आनलाइन गेम खेलने से मना करने पर पत्थर से हमला कर अपने माता-पिता और बहन की हत्या कर दी। खुद को रोके जाने के बाद उसके दिमाग पर हिंसा इस कदर हावी हुई कि उसने तीनों का सिर पत्थर से कुचल दिया।

यह आधुनिक तकनीक का ऐसा चेहरा है, जो बेहद घातक नतीजों के चलते चिंता का कारण बन रहा है। सवाल है कि इंटरनेट की सुविधा से लैस स्मार्टफोन का पर्दा आखिर इतना गहरा मनोवैज्ञानिक असर कैसे डाल रहा है कि कोई व्यक्ति इसके सम्मोहन में आसपास की दुनिया से लेकर खुद की अहमियत भी भूल जाता है। इसमें गुम रहने से या इसकी लत लग जाने के बाद मस्तिष्क की बनावट में कैसे बदलाव होते हैं कि एक किशोर या युवा की नजर में जीवन और उसकी वास्तविकताओं की कोई कीमत नहीं रह जाती?

यह स्थिति तकनीक को लेकर हद से ज्यादा मुग्ध होने को कठघरे में खड़ा करती है और इसके सीमित इस्तेमाल की जरूरत रेखांकित करती है। मोबाइल में गुम रहने की लत के चलते बच्चों तक के बीच आत्महत्या या हत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। अगर समय रहते इसे रोकने की ठोस और नीतिगत पहल नहीं की गई, तो आने वाले वक्त में इसके बेहद दुखद नतीजे देखने को मिल सकते हैं। कई देशों में बच्चों और किशोरों की इंटरनेट तक पहुंच को सीमित किया गया है, लेकिन इस मसले पर एक व्यापक नीति की जरूरत है।

# फूहड़-अश्लील सामग्री पर लगानी होगी रोक

कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब चैनल पर इंडियाज गाट लेटेंट कार्यक्रम के दौरान एक अन्य यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की ओर से की गई बेहद भोंडी टिप्पणी का मामला फिर से सुप्रीम कोर्ट में सुना गया। सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को अपना पोडकास्ट शुरू करने की अनुमति तो दे दी, लेकिन उसने समय रैना को खूब खरी-खोटी सुनाई, क्योंकि न्यायाधीशों को इससे अवगत कराया गया कि रैना ने अपने कनाडा दौरे के समय शीर्ष अदालत की कार्यवाही पर तंज कसा है।

इस मामले की जांच मुंबई और गुवाहाटी पुलिस भी कर रही है। कहना कठिन है कि वह किस नतीजे पर पहुंचेगी। यह कहना भी कठिन है कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में क्या करेगा, लेकिन फिलहाल यह दिख रहा है कि उसने सख्त रवैया अपना रखा है। उसने सरकार से फिर कहा कि वह यूट्यूब चैनलों और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्मों की सामग्री का नियमन करे।

वह इस मसले पर कितना गंभीर है, इसका पता इससे चलता है कि उसने सरकार से इसका मसौदा तैयार करने को कहा। यदि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सरकार इस दिशा में कोई पहल करती है तो इसके खिलाफ यह कहते हुए शोर उठ सकता है कि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है।

वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि नियमन के उपाय सेंसरशिप जैसे नहीं लगने चाहिए, लेकिन इसके भरे-पूरे आसार हैं कि इस दिशा में सरकार की किसी भी पहल पर ऐसे सवाल अवश्य उठेंगे कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित किया जा रहा है। सब जानते हैं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीमित नहीं होती, लेकिन सीमा का उल्लंघन कब होता है, यह तय करना सदैव मुश्किल हो जाता है।



क्या आपत्तिजनक है और क्या नहीं, इसका निर्धारण करना इसलिए आसान नहीं, क्योंकि जो किसी के लिए फूहड़ होता है, वह अन्य के लिए हास्य। जो किसी के लिए आपत्तिजनक या अपमानजनक होता है, वह अन्य के लिए खरी बात। इसी तरह जो किसी के लिए अभद्र-अश्लील होता है, वह अन्य के लिए 'कूल।' यह किसी से छिपा नहीं कि समय रैना, रणवीर इलाहाबादिया और उनके साथियों के खिलाफ कार्रवाई का अनेक लोग विरोध भी कर रहे हैं।

उनकी दलील है कि आखिर फूहड़ता के लिए किसी को जेल में कैसे डाला जा सकता है? कुछ यह कह रहे हैं कि इस मामले में पुलिस एवं अदालत अपना समय जाया कर रही हैं और आखिर रैना और इलाहाबादिया ने लोगों को अपना शो देखने के लिए बुलाया तो था नहीं। कुछ लोग यह भी पूछ रहे हैं कि क्या रैना, इलाहाबादिया आदि को जेल भेज देने से गरीबी, बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

उनके कहने का यह आशय है कि पुलिस अथवा अदालत को इस पचड़े में नहीं पड़ना चाहिए। क्या वाकई नहीं पड़ना चाहिए? इसका भी कोई सीधा जवाब नहीं, लेकिन इतना तो तय है कि अनेक कॉमेडियन, इन्फ्लुएंसर जैसी ऑनलाइन फूहड़ता अश्लीलता फैला रहे हैं, उसकी अनदेखी करने से भी कोई समस्या सुलझने वाली नहीं। इसका यह भी मतलब नहीं कि रैना, इलाहाबादिया आदि को जेल में डाल देना समस्या का सही समाधान है।

जो लोग यह चाह रहे हैं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर भोंडी-ओछी ऑनलाइन सामग्री की अनदेखी कर दी जाए, उनकी तरफदारी करना भी कठिन है, क्योंकि अनेक तथाकथित कॉमेडियन और इन्फ्लुएंसर ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर जमकर गंदगी परोस रहे हैं। ऐसा करके वे पैसा तो बना ही रहे हैं, बल्कि प्रचार और प्रसिद्धि भी पा रहे हैं। वे टीवी शो में प्रतिभागी अथवा अतिथि के तौर पर बुलाए जाने लगे हैं।

समय रैना कुछ समय पहले ही कौन बनेगा करोड़पति में प्रकट हुए थे। कोई भी समझ सकता है कि उन्हें इसीलिए बुलाया गया, ताकि कौन बनेगा करोड़पति के दर्शक बढ़ें। भले ही ऐसे लोग इन्फ्लुएंसर कहे जाते हों, लेकिन यह समझना कठिन है कि वे लोगों को प्रभावित करते हैं या दुष्प्रभावित? यूट्यूब, इंस्टाग्राम, ट्विटर (एक्स) जैसे प्लेटफार्मों पर फूहड़, अश्लील कंटेट की भरमार है।





**जितना अधिक हम ध्यानाभ्यास करेंगे, उतने ही अधिक शांत भाव के साथ हम दैनिक चुनौतियों का सामना कर पाएँगे।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# महंगाई पर काबू पाना अब भी चुनौती

भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक लगातार पलायन कर रहे हैं। पिछले महीने शेयर बाजार में हुई भारी गिरावट से गहरी चिंता पैदा हो गई। बीते एक महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी एफपीआइ ने चौंतीस हजार पांच सौ चौहत्तर करोड़ रुपए निकाल लिए। बाजार में गिरावट का यह रुख अक्तूबर से ही बना हुआ है। तब से लेकर अब तक भारतीय शेयर बाजार से करीब एक लाख करोड़ डालर से अधिक की निकासी हो चुकी है। यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है। बताया जा रहा है कि 2008 की वैश्विक मंदी के बाद विदेशी निवेशकों में यह सबसे बड़ा अफरातफरी का माहौल है। हालांकि सरकार इसे लेकर बहुत चिंतित नजर नहीं आ रही। वह अब भी यह बताते नहीं थक रही कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। जबकि हकीकत यह है कि विदेशी निवेशकों के भारतीय बाजार से पलायन का बड़ा कारण यहां की अर्थव्यवस्था का लगातार कमजोर होते जाना है। एफपीआइ में यह भरोसा नहीं रह गया है कि भारतीय बाजार में उन्हें उचित लाभ मिल पाएगा। हालांकि अमेरिकी और चीनी बाजार में भारत की तुलना में अधिक मुनाफा मिल रहा है, इसलिए निवेशकों ने उधर का रुख कर लिया है।

हालांकि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव कोई नई बात नहीं है, पर जिस तरह लगातार यह उतार पर है, वह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। यह केवल एफपीआइ के पलायन का मामला नहीं है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआइ भी लगातार कम हो रहा है। यानी विदेशी कंपनियां भारत में निवेश करना सुरक्षित नहीं मान रहीं। भारत में



शुद्ध विदेशी निवेश घट कर 15.7 अरब डालर रह गया है। यानी पिछले बारह वर्षों में यह सबसे निचला स्तर है। इसका एक कारण तो यह है कि भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी काफी सिकुड़ चुकी है।

बाजार में सुस्ती है। ऐसे में विदेशी कंपनियों के लिए निवेश करना मुनाफे का सौदा नहीं रह गया है। उन्हें यह भी भरोसा नहीं रह गया कि भारतीय बाजार कब तक सुधर पाएगा। सरकार के लिए यह इसलिए चिंता का विषय होना चाहिए कि शेयर बाजार में गिरावट और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में कमी अर्थव्यवस्था को और कमजोर करेगी। फिर, यह मामला भारतीय निवेशकों से भी जुड़ा है। अनेक सार्वजनिक कंपनियां शेयर बाजार में जो पैसा लगाती हैं, वह आम लोगों की जमापूंजी होती है। जब विदेशी निवेशक अपना पैसा निकाल कर पलायन करते हैं, तो नुकसान आखिरकार भारतीय नागरिकों को उठाना पड़ता है।

बाजार में उतार का असर व्यावहारिक धरातल पर साफ नजर आने लगा है। महंगाई पर काबू पाना अब भी चुनौती है। पिछले आठ-नौ वर्षों से लोगों की आमदनी में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। बेरोजगारी कम होने का नाम नहीं ले रही। इसका ही असर है कि विनिर्माण क्षेत्र संकट के दौर से गुजर रहा है। सेवा, खनन, वाहन, भवन निर्माण आदि क्षेत्रों में सुस्ती बनी हुई है।

निर्यात के मोर्चे पर कोई बेहतरी नजर नहीं आ रही। ये सारी स्थितियां विदेशी निवेशकों का भरोसा कमजोर कर रही हैं। यह बात कई बार रेखांकित की जा चुकी है कि कुछ कंपनियों का मुनाफा बढ़ने से पूरी अर्थव्यवस्था की सूरत नहीं बदल सकती। इसके लिए बुनियादी समस्याओं को दूर करना जरूरी है। अगर अब भी सरकार इन संकेतों से सबक लेते हुए व्यावहारिक कदम नहीं उठाती, तो दुश्वारियां और बढ़ेंगी ही।

# सबसे महंगा गुलाब, कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश!

गुलाब दुनिया के सबसे सुंदर फूलों में से एक माना जाता है. इससे सुंदरता और प्रेम का प्रतीक यूं हीं नहीं

**जरा हट के**

माना जाता है. लेकिन सुंदरता के अलावा इसकी खुशबू भी इसे खास बनाती है. अक्सर कई गुलाब के फूल बहुत ही कीमती हो जाते हैं. इनकी बढ़ती कीमत की वजह इनकी सुंदरता के अलावा इनके उगाने की दुर्लभता और खुशबू भी मानी जाती है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे महंगा फूल गुलाब का ही एक फूल माना जाता है. उसका नाम भी कुछ रोमांटिक ही है. जूलियट रोज. उस एक फूल की कीमत करोड़ों तक पहुंच गई थी.

### इतना महंगा क्यों?

इंटरनेट पर सबसे मंहगे फूलों और सबसे महंगे गुलाबों की सूची में यह नाम जरूर मिल जाएगा. जूलियट रोज नाम का यह गुलाब बहुत ही मुश्किल से उगा था. और सुंदर और



खुशबूदार होने के अलावा इसकी दुर्लभता ने ही इसे कीमती बना दिया था. इसे गुलाब को तैयार करने में करीब 30 लाख डॉलर खर्च हुए थे.

### 15 साल लगे थे उगाने में

इस गुलाब को डेविड ऑस्टिन नाम के शख्स ने कई गुलाबों से मिला कर बनाया था. इसे उगने में करीब 15 साल का समय लगा था. आज भले ही 4-6 हफ्ते में उग जाता है. लेकिन अब भी यह खास तरह के हालात और खास देखभाल से ही पनप पाता है. यह देखने में तो बहुत ही सुंदर तो है ही. इसके मीठी, फलदार खुशबू इसे और भी खास बना देती है.

जूलियट रोज की कीमत के अलगअलग आंकलन हुए हैं. साल 2006 में एक प्रदर्शनी में बिका यह रोज दुनिया का सबसे महंगा रोज हो गया था, और यह रिकॉर्ड आज तक कायम है. बताया जाता है कि उस समय उसकी कीमत 15.8 मिलियन डॉलर थी. जो करीब आज की कीमतों में अरब 15 करोड़ 30 लाख रुपये थी. लेकिन यह फूल आज भी इतिहास मे सबसे महंगे फूल के रूप में दर्ज है.

**खाना-खजाना**

# झटपट बनाएं ब्रेड पोहा

नाश्ते में ब्रेड खाना कई लोग पसंद करते हैं, लेकिन अक्सर इन्हीं खाकर मन भी ऊब जाता है। क्या आप भी नाश्ते में कुछ लाइट और हेल्दी खाने के लिए ढूंढ रहे हैं, तो ट्राई कर सकते हैं, ब्रेड पोहा। स्वाद में ये चटपटा और मसालेदार होता है, इसे आप टोस्ट, सैंडविच या रोल बनाकर भी खा सकते हैं। चलिए बिना देर किए देख लीजिए इससे बनाने की आसान विधि।

### सामग्री :

- ब्रेड- 3-4
- मूंगफली (रोस्टेड)- आधा कप
- हल्दी पाउडर- आधा चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- हरी मटर- आधा कप
- रिफाइंड ऑयल- 2 चम्मच
- प्याज- 1
- हींग पाउडर- एक चुटकी
- कढ़ीपत्ता- 2 चम्मच
- हरी मिर्च- 2-4
- लाल मिर्च- 1 साबुत
- नींबू- 1
- हरा धनिया- गार्निश के लिए

### विधि :

सबसे पहले एक कढ़ाई लीजिए और इसमें थोड़ा तेल डालकर गर्म कर लीजिए। अब इसमें साबुत लाल मिर्च, कढ़ीपत्ता और हरी मिर्च डालकर रोस्ट करें।

इसके बाद इसमें बारीक कटी प्याज डाल दें और भून लें। अब इसमें हरी मटर डालिए और थोड़ी देर तक ढककर पका लीजिए। इसमें मूंगफली डालकर उसे भी क्रिस्पी कर लीजिए।

इसके बाद इसमें ब्रेड डालिए और इसे सभी चीजों के साथ अच्छे से मिक्स कर लीजिए। अब आप इसमें हल्दी, नमक और हींग पाउडर डाल दें। इसके ऊपर



हल्का-सा पानी छिड़किए और नींबू का रस भी डाल दीजिए। सभी चीजें अच्छे से सिक जाएं, तो गैस ऑफ कर दें। इसे प्लेट में निकालकर गर्मागर्म सर्व करें, तैयार है आपका टेस्टी ब्रेड पोहा।

# इन 10 सवालों में छुपी है हार्ट की सेहत

**1. बीपी कितना है-** क्लीवलैंड क्लीनिक के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष सराजु कहते हैं कि अगर आपका बीपी उपर वाला 130 से ज्यादा और नीचे वाला 80 से ज्यादा है तो इसका मतलब है कि आपके हार्ट पर बहुत ज्यादा प्रेशर पड़ने लगा है और इससे आपका हार्ट कमजोर होने लगा है. हाई ब्लड प्रेशर के कारण ब्लड वैसल्स के टूटने का खतरा बना रहता है.

**2. आपके परिवार में किसी को हार्ट डिजीज है-** डॉ. आशीष सराजु के मुताबिक अगर आपके परिवार में निकट संबंधियों में हार्ट डिजीज है तो आपका हार्ट भी कमजोर होता है. निकट संबंधी का मतलब माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी में से किसी को हार्ट डिजीज है या था तो आपको भी हार्ट डिजीज का खतरा ज्यादा है.




**3. कोलेस्ट्रॉल कितना है-** हार्ट डिजीज का आज बहुत बड़ा कारण हाई कोलेस्ट्रॉल है. यदि आपकी धमनियों में फैट ज्यादा चिपक रहा है तो वह खून के बहाव को रोकने लगता है जिससे हार्ट में कम खून पहुंचता है. ऐसे में एक बार कोलेस्ट्रॉल की जांच करा लीजिए. यदि आपका कोलेस्ट्रॉल ज्यादा है तो इसका मतलब है कि आपका हार्ट भी कमजोर है.

**4. क्या आप स्मोक करते हैं-** स्मोकिंग करना पूरी सेहत के लिए हानिकारक है. ऐसे में यदि आप स्मोकर हैं तो इससे सिर्फ लंग्स ही कमजोर नहीं होता बल्कि आपको हार्ट डिजीज का खतरा भी ज्यादा है.

**5. कितनी एक्सरसाइज करते हैं आप-** यदि आप जवान होने के बाद भी एक्सरसाइज नहीं करते तो इसका मतलब है कि आपका हार्ट भी धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है. इसलिए हर दिन आधे घंटे की एक्सरसाइज जरूर करें. इससे हार्ट मजबूत रहेगा.

**6.आप क्या खाते हैं-** आपके हार्ट की सेहत कैसी होगी यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप किस तरह का भोजन करते हैं. यदि आप रेड मीट, रिफाइंड अनाज, एडेड शुगर, ज्यादा चीनी, ज्यादा नमक, प्रोसेस्ड फूड, फास्ट फूड, ज्यादा तेल, ज्यादा डेयरी प्रोडक्ट और शराब का सेवन ज्यादा करते हैं तो आपका हार्ट कमजोर हो रहा है. इन चीजों का जितना अधिक सेवन करेंगे आपका हार्ट उतना ही कमजोर होगा.

**7. क्या आपको डायबिटीज है-** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक यदि टाइप 1 या टाइप 2 डायबिटीज किसी को है तो इसका मतलब है कि उसे अन्य की तुलना में हार्ट डिजीज का खतरा दो गुना ज्यादा है.

**8. कितने तनाव में रहते हैं आप-** आप जितनी बार तनाव में रहेंगे उतनी बार आपको छोटा हार्ट अटैक आएगा. तनाव हार्ट पर सबसे ज्यादा असर करता है. अगर आप लगातार तनाव में रहते हैं तो इसका मतलब है कि आपका हार्ट कमजोर हो रहा है. जितने दिनों से तनाव में हैं उतना ही हार्ट खोखला होगा.

**9. कितने साल के हैं आप-** रिसर्च के मुताबिक 65 साल के बाद इंसान का हार्ट कमजोर होने लगता है. यानी पहले के मुकाबले अब हार्ट उतना मजबूत नहीं है. लेकिन आजकल गलत आदतों की वजह से पहले ही हार्ट बूढ़ा होने लगता है.

**10. लिंग-** डॉ. आशीष सराजु कहते हैं कि रिसर्च के मुताबिक पुरुषों में कोरोनरी हार्ट डिजीज का खतरा ज्यादा होता है. लेकिन अगर महिलाएं मेनोपॉज की अवस्था में आ जाती है तो खतरा बराबर रहता है.

## आज का राशिफल

**मेष :** नए कार्य में लाभ मिलेगा। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ :** चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या :** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला :** बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। घर में तनाव रह सकता है।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है, लाभ लें। सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**मकर :** रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**कुंभ :** नए कार्य में बनेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**मीन :** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा। रुके कार्य पूरे होंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## चुटकुले

- **गोलू-** डॉक्टर साहब क्या आप मेरी बीमारी का पता लगा सकते हैं।

**डॉक्टर-** हां, तुम्हारी आंखें बहुत कमजोर हैं।

**गोलू-** इतनी जल्दी आपको कैसे पता चल गया?

**डॉक्टर-** तुमने बाहर बोर्ड पर नहीं पढ़ा कि मैं जानवरों का डॉक्टर हूं।



- काका को रात में एक लड़की का फोन आता है...!

**काका-** हेलो कौन...?

**लड़की-** हम तेरे बिन अब रह नहीं सकते, तेरे बिना क्या वजूद मेरा...!

**काका** (खुश होकर) - कौन हैं आप...?

**लड़की-** तुझसे जुदा अगर हो जायेंगे तो खुद से भी हो जाएंगे जुदा..!

खुशी के मारे काका की आंखों में पानी आ गया, वो बोले- तुम सच में मुझसे शादी करोगी...?

**लड़की-** इस गाने को अपनी कॉलर ट्यून बंनाने के लिए 8 दबाएं...!

# क्या डायबिटीज के मरीज चावल खा सकते हैं?

## डॉक्टर से जानिए शुगर में कौन सा चावल है हानिकारक

**खाने की थाली में जब तक दाल और चावल न हों तो स्वाद अधूरा लगता है। भारतीय भोजन में चावल अहम हिस्सा है। ऐसे कई राज्य हैं जहां चावल के बिना खाने की लोग सोच भी नहीं पाते हैं। सिर्फ दाल-चावल ही नहीं चावल से कई तरह की डिश बनाई जाती हैं। चावल से खिचड़ी, खीर, बिरियानी, पुलाव और चूड़ा बनता है, जिसे लोग बड़े चाव से खाते हैं। हालांकि डायबिटीज के मरीज को चावल न खाने की सलाह दी जाती है। शुगर के मरीजों को सफेद चावल न खाने के लिए कहा जाता है। डॉक्टर्स की मानें तो चावल खाने से तेजी से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। जो डायबिटीज के मरीज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। हालांकि सिर्फ सफेद चावल के साथ ऐसा होता है। आप कई दूसरी तरह के चावल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। आइये जानते हैं डायबिटीज के मरीज कौन से चावल खा सकते हैं और कौन से नहीं?**



### डायबिटीज में चावल खाना चाहिए या नहीं?

चावल में कार्बोहाइड्रेट ज्यादा होता है जो तेजी से ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकता है। डायबिटीज के मरीज को सफेद चावल नहीं खाने चाहिए। सफेद चावल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी हाई होता है। हालांकि ऐसा नहीं है कि आप चावल चख भी नहीं सकते हैं। कभी आप 2 चम्मच चावल खा लेंगे तो इससे ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। लेकिन नियमित रूप से सफेद चावल खाने से शुगर बढ़ता है और डायबिटीज टाइप 2 का खतरा भी 11 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

### डायबिटीज में कौन से चावल खा सकते हैं?

डाइटिशियन स्वाति सिंह की मानें तो जिन लोगों का शुगर लेवल हाई रहता है या डायबिटीज है उन्हें सफेद चावल खाने से बचना चाहिए। आप कभी स्वाद के लिए दूसरे राइस खा सकते हैं। वो भी बहुत सीमित मात्रा में ही खाने चाहिए।

### ब्राउन राइस-

डायबिटीज के मरीज ब्राउन राइस खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स लो है। ब्राउन राइस में फाइबर ज्यादा होता है। जिससे ये धीरे-धीरे पचता है। इससे ब्लड शुगर तेजी से नहीं बढ़ता है।

### समा के चावल

डायबिटीज में समा के चावल कभी कभी खा सकते हैं। क्योंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स 50 से कम होता है। समा के चावल खाने से ग्लूकोज लेवल तेजी से नहीं बढ़ता। आप व्रत में इन्हें आसानी से खा सकते हैं।

### बासमती चावल

कभी बहुत सीमित मात्रा में आप बासमती चावल भी खा सकते हैं। इसकी वजह है इसका लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स। बासमती चावल का GA 50-52 के बीच पाया जाता है। इससे शुगर लेवल शूट नहीं करता।

### रेड राइस

लाल रंग के चावल शुगर के मरीज खा सकते हैं। रेड राइस का GA 55 के आसपास होता है, जिसकी वजह से डायबिटीज के मरीज इसे खा सकते हैं। इसमें फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स भी ज्यादा होते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### शुदा गर्लफ्रेंड के प्यार में युवक ने पीया जहर फिर काट ली नस

**उन्नाव.** मुंबई में रह रहे उन्नाव के एक युवक ने पहले जहर पीया फिर अपने हाथ की नस काटकर मौत को गले लगा लिया। इसका उसने वीडियो बनाया और अपनी शादीशुदा प्रेमिका को भेज दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। युवक की बहन ने गंगाघाट थाने में शिकायत करते हुए बताया कि महिला उसके भाई को ब्लैकमेल करती थी। गंगाघाट क्षेत्र के अखलाक नगर का अल्ताफ परिजनों के साथ मुंबई के ठाणे में करीब 15 सालों से रहता था। वह वहां कपड़े की सिलाई का काम करता था। उसका अपनी प्रेमिका से विवाद चल रहा था। 22 फरवरी को अल्ताफ ने प्रेमिका से वीडियो कॉल पर बात की। इसके बाद उसने वीडियो बनाते हुए पहले जहर पीया और फिर अपने हाथ की नस काट ली। हालत बिगड़ने लगी तो प्रेमिका को वीडियो भेज दिया। कुछ देर बाद कमरे में ही अल्ताफ की मौत हो गई। उधर, पड़ोसियों ने घटना की जानकारी ठाणे पुलिस और परिजनों को दी। परिजनों ने ठाणे में ही उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। वारदात के नौ दिन बाद चार मार्च को जब पुलिस ने युवक के मोबाइल फोन की जांच की, तब सुसाइड का वीडियो सामने आया।

### सनकी बेटे ने दराती से गला रेतकर मां को मार डाला, दफनाया शव, भाई के हत्या का भी आरोप

**बागपत.** बागपत से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां भांजी की शादी में झगड़ा कर लौटे युवक ने डांटने पर मां को दराती से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह शव को जंगल ले जाकर गन्ने के खेत में दबा दिया। बड़े भाई ने शक होने पर सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो सनसनीखेज घटना का खुलासा हुआ। ये घटना बड़ौली गांव का है। जहां अमित ने बताया कि उसका अविवाहित भाई सुमित ईश्वर और माता सावित्री के साथ रहता था, जबकि वह अलग रहता था। मंगलवार को अमित मां से मिलने घर गया था लेकिन वह नहीं मिली। उसके पिता नौकरी पर गए हुए थे और सुमित घर में अकेला था। वह घर के अंदर गया तो देखा की वहां खून से सना हुआ कंबल रखा था। अमित परिवार के लोगों के साथ कोतवाली पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने बड़ौली गांव में सुमित को उसके घर से गिरफ्तार किया।

# केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

- केंद्र सरकार का फैसला, कितना होगा खर्च?



**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने बुधवार को चार धाम यात्रा पर बड़ा फैसला लिया। केंद्रीय कैबिनेट ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर तक जबकि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किलोमीटर तक रोपवे निर्माण की परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दोनों ही परियोजनाओं पर कुल 6,811 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अकेले सोनप्रयाग से केदारनाथ रोपवे परियोजना पर 4,081.28 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन दोनों महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समय सीमा 4 से 6 साल है। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) के निर्णयों की घोषणा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की।

सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण डीबीएफओटी मोड (Design, Build, Finance, Operate and Transfer) पर किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है। यह रोपवे सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित होगा। इस रोपवे की क्षमता प्रति घंटे हर ओर से 1,800 यात्रियों को ले जाने की होगी। इससे हर दिन लगभग 18 हजार यात्री सफर कर सकेंगे।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक रोपवे परियोजना को भी डीबीएफओटी मोड पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 2,730.13 करोड़ रुपये होगी। मौजूदा वक्त में हेमकुंड साहिब जी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है। इसे पैदल या टट्टू या पालकी द्वारा तय किया जाता है। यह परियोजना गोविंदघाट और हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।

### हाईकोर्ट जज बोले- महिलाओं की पूजा नहीं, सम्मान जरूरी

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि महिलाओं को पूजा से ज्यादा सम्मान की जरूरत है। उन्हें सम्मान दिया जाए। जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवता वास करते हैं। हमें माइंडसेट बदलना होगा। जेंडर इक्वालिटी अभी भी अधूरी है। जस्टिस उपाध्याय मंगलवार को दिल्ली स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी (DSLSA) के कार्यक्रम में मौजूद थे। चीफ जस्टिस ने आगे कहा कि आज भी समाज में महिलाओं को पूरा सम्मान और समानता नहीं मिली है। हमें बदलाव लाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केवी विश्वनाथन भी थे। साथ में दिल्ली हाईकोर्ट के कई जस्टिस मौजूद थे। कार्यक्रम में उन महिला वकीलों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने कानूनी सेवाओं में बेहतरीन योगदान दिया है।

DSLSA ने वीरांगना प्रोजेक्ट शुरू किया है। जिसके तहत महिलाओं को पैरा-लीगल वालंटियर (PLV) के रूप में तैयार किया जा रहा है। ये महिलाएं दो दिन की ट्रेनिंग के बाद कानूनी सहायता कार्यों में शामिल होंगी।

# मायावती के ऑफर को आकाश आनंद के पिता ने ठुकराया

- नेशनल कोऑर्डिनेटर बनने से इनकार
- भाई से जिम्मेदारी वापस ली



**लखनऊ.** बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा में शुरू हुआ पारिवारिक विवाद अब बढ़ता जा रहा है। मायावती की भतीजे आकाश आनंद से अनबन के बाद अब भाई आनंद कुमार से भी नहीं बन रही।

मायावती ने 3 दिन पहले भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया था। इसके बाद उनके पिता आनंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी थी। हालांकि, आनंद कुमार ने नेशनल कोऑर्डिनेटर पद पर काम करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मायावती ने उनसे जिम्मेदारी वापस ले ली है।

बुधवार सुबह मायावती ने X पर 2 पोस्ट किए। इसमें लिखा- आनंद कुमार ने एक पद पर काम करने की इच्छा जाहिर की। इसलिए, वह पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। जबकि नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद की जिम्मेदारी उनसे वापस ली जा रही है।

2 दिन पहले ने मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। कहा था- आकाश को पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी, लेकिन आकाश ने जो प्रतिक्रिया दी, वह राजनीतिक मैच्योरिटी नहीं है। वो अपने ससुर के प्रभाव में स्वार्थी, अहंकारी हो गया है।

**रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी**

इसके अलावा, मायावती ने पार्टी में कई बड़े फेरबदल का ऐलान किया है। सहारनपुर के रहने वाले रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी है। **मायावती ने कहा-** अब राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और रणधीर बेनीवाल, दोनों पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के रूप में मेरे निर्देशन में काम करेंगे। इससे पहले, आकाश के ससुर और फिर उन्हें पार्टी से निकाल दिया था।

# बदल गए पासपोर्ट बनाने के नियम

- अप्लाई करने से पहले देख लें जरूरी दस्तावेजों की लिस्ट



**नई दिल्ली.** पासपोर्ट एक अहम दस्तावेज होता है, जो विदेश मंत्रालय के पासपोर्ट विभाग द्वारा जारी किया जाता है। यह पहचान के साथ-साथ नागरिकता साबित करने वाला अहम दस्तावेज है। बिना पासपोर्ट के विदेश (कुछ देशों को छोड़कर) जाना संभव नहीं हो सकता है। विदेशों में पासपोर्ट के जरिए ही आपकी नागरिकता साबित होती है। भारत सरकार ने पासपोर्ट बनवाने के नियमों में बदलाव किया है। अब किसी भी आवेदक के लिए जन्म प्रमाण पत्र देना अनिवार्य कर दिया गया है। यानी ऐसे लोग जिनका जन्म 1 अक्टूबर, 2023 के बाद हुआ है और वे पासपोर्ट बनाने को इच्छुक हैं तो उनके लिए अब अपने जन्म तिथि के लिए बर्थ सर्टिफिकेट देना अनिवार्य कर दिया गया है।

**1. जन्म प्रमाण पत्र**

1 अक्टूबर, 2023 के बाद जन्मे लोग अगर पासपोर्ट बनवाना चाह रहे हैं तो उनकी जन्म तिथि के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। हालांकि, इससे पहले जन्मे लोग 10वीं बोर्ड की मार्कशीट या सर्टिफिकेट, स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या कोई अन्य सरकारी आईडी जैसे अतिरिक्त दस्तावेजों के आधार पर अपनी जन्म तिथि साबित कर सकते हैं।

**2. आवासीय पता**

बदले हुए पासपोर्ट के आखिरी पन्ने में अब आवासीय पता नहीं प्रिंट किया जाएगा; इसकी बजाय, इमिग्रेशन अधिकारी बारकोड को स्कैन कर जानकारी हासिल कर सकेंगे।

**3. रंग-कोडिंग प्रणाली:**

पासपोर्ट के लिए अब एक नई रंग-कोडित प्रणाली की शुरुआत की गई है। अधिकारियों के लिए सफेद, राजनयिकों के लिए लाल और आम नागरिकों के लिए नीले रंग का पासपोर्ट जारी किया जाएगा जो अधिकारियों के लिए पासपोर्ट की पहचान करने में सुगमता और सहजता प्रदान करेगा।

**4. माता-पिता का नाम हटाना:**

पासपोर्ट धारकों के माता-पिता के नाम अब पासपोर्ट के आखिरी पन्ने पर नहीं छापा जाएगा। इस नियम से एकल अभिभावक या अलग-थलग परिवारों के बच्चों को राहत मिलेगी और उनकी गोपनीयता बरकरार रहेगी।

**5. पासपोर्ट सेवा केंद्र का विस्तार**

सरकार ने फैसला किया है कि अगले पाँच वर्षों में पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या 442 से बढ़कर 600 हो जाएगी। इससे आवेदकों के लिए सुरक्षा, दक्षता और सुविधा बढ़ सकेगी।

### राहुल गांधी पर कोर्ट ने लगाया 200 रुपए का जुर्माना

**लखनऊ.** कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लखनऊ की अदालत में एक बार फिर बुधवार को पेश नहीं हुए। इससे कोर्ट नाराज हो गया और उन पर 200 रुपए का जुर्माना लगाने के साथ ही अगली तारीख पर पेश होने का आदेश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर भी नहीं पेश होने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। राहुल गांधी ने वीर सावरकर को लेकर बयान दिया था। इस बयान को समाज में वैमनस्यता फैलाने और घृणा फैलाने वाला बताते हुए राहुल गांधी के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की गई है। इसकी सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने हो रही है। अगली सुनवाई के लिए 14 मार्च की तारीख दी गई है।

# 4 घंटे की यात्रा सिर्फ 25 मिनट में

- टेस्टिंग ट्रैक तैयार
- मुंबई-पुणे के बीच चलेगी हाइपरलूप ट्रेन



**नई दिल्ली.** भारत में पहली हाइपरलूप परियोजना मुंबई और पुणे के बीच प्रस्तावित है। मौजूदा समय में यह दूरी 3-4 घंटे में तय होती है, जबकि हाइपरलूप के जरिए यह सफर मात्र 25 मिनट में पूरा हो जाएगा। रिपोर्ट मुताबिक, इसमें एक पॉड में 24 से 28 यात्री बैठ सकते हैं। हार्डट हाइपरलूप को पहला सफल परीक्षण 2019 में हुआ।

हाइपरलूप एक हाई-स्पीड ट्रेन है, जो ट्यूब में वैक्यूम में चलती है। इसकी अधिकतम गति एक हजार किलोमीटर प्रतिघंटे तक जा सकती है। इसमें पॉड्स को वैक्यूम ट्यूब के भीतर चुंबकीय तकनीक पर चलाया जाता है। इस प्रणाली में ऊर्जा खपत बेहद कम होती है और यह लगभग शून्य प्रदूषण उत्पन्न करती है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को एक्स पर वीडियो साझा कर कहा कि हाइपरलूप यात्रा के साधनों में आधुनिक बदलावों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमने आईआईटी मद्रास को दो बार एक-एक मिलियन डॉलर का ग्रांट दिया है। इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए एक मिलियन डॉलर का तीसरा अनुदान देने का समय आ गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस हाइपरलूप के शुरू होने से महज 30 मिनट में 300 किलोमीटर का सफर तय किया जा सकेगा।

स्पेनिश कंपनी जेलरॉस हाइपरलूप प्रणाली विकसित कर रही है। इसका लक्ष्य यूरोपीय शहरों को 1000 किमी/घंटा की स्पीड से जोड़ना।

### चाईबासा में IED ब्लास्ट में 3 जवान घायल

**रांची.** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के जंगल में नक्सलियों की ओर से लगाया गया IED ब्लास्ट कर गया है। इस IED ब्लास्ट में बटालियन 197 के सहायक कमांडेंट जी जे साईं, हवलदार सह रेडियो ऑपरेटर वीटी राव के अलावा कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक IED ब्लास्ट की यह घटना झारखंड-ओडिशा बॉर्डर के बालिबा और बाबुडेरा जंगल में हुई है। पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार से एक विशेष जॉइंट अभियान पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा एवं जराइकेला थाना के सीमावर्ती जंगली और पहाड़ी इलाकों में शुरू किया गया है। आज इसी के तहत सुबह 8:40 बजे छोटानागरा थाना अंतर्गत बालिबा के आसपास आईडी विस्फोट हुआ।

# कन्नड़ एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर 15 किलो सोने के साथ गिरफ्तार

- कर्नाटक DGP की सौतेली बेटी हैं, दुबई से लौटी थी
- सोने की तस्करी का शक



**बेंगलुरु.** बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 फरवरी की देर रात डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने 14.8 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी बुधवार (5 मार्च) को सामने आई है।

रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उन्होंने कन्नड़ फिल्मों माणिक्य और पाटकी में काम किया है। कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

DRI अधिकारियों के मुताबिक, रान्या राव दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट के जरिए भारत लौटी थीं। सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही उनकी एक्टिविटी पर नजर रख रही थीं, क्योंकि वह पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जा चुकी थीं।

DRI की दिल्ली टीम को पहले से ही रान्या के सोने की तस्करी में शामिल होने की जानकारी थी। इसलिए 3 मार्च को उनकी फ्लाइट के लैंड करने से दो घंटे पहले ही अधिकारी एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे।

**पुलिस के जरिए कस्टम से बचने की कोशिश**

जानकारी के मुताबिक रान्या राव ने एयरपोर्ट पर उतरते ही खुद को कर्नाटक के DGP की बेटी बताया। साथ ही लोकल पुलिस से कॉन्टैक्ट कर एयरपोर्ट से निकालने की कोशिश की, लेकिन DRI की टीम उन्हें बेंगलुरु के DRI हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए ले गई।

# पंजाब-चंडीगढ़ बॉर्डर सील, 100 किसान हिरासत में

- ट्रैक्टर की नंबर प्लेट पेंट कर लाए
- CM मान से बहस के बाद भड़के किसान



**चंडीगढ़.** संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) आज, 5 मार्च से चंडीगढ़ के सेक्टर 34 में अनिश्चितकालीन धरना लगाएगा। किसानों ने ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर मोहाली से चंडीगढ़ में घुसने का ऐलान किया है। किसान MSP की गारंटी के कानून समेत 13 मांगों को लेकर यह प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्हें चंडीगढ़ प्रशासन से धरने की परमिशन नहीं मिली है। इसे देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने पंजाब से सटे सारे बॉर्डर सील कर दिए हैं। यहां तक कि किसान चंडीगढ़ में न घुसें, इसके लिए पुलिस बाइक–कार सवारों के भी ID प्रूफ चेक कर रही है।

मोहाली में रोपड़ जिले से आए 100 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उनकी 15 ट्रैक्टर ट्रॉलियां कब्जे में ली हैं। किसानों ने अपने ट्रैक्टर की नंबर प्लेट पर रंग किया हुआ है, ताकि CCTV कैमरों से उनकी पहचान न हो पाए। वहीं भारतीय किसान यूनियन (एकता-उगराहां) के प्रधान जोगिंदर सिंह उगराहां ने आंदोलनकारी किसानों से अपील की कि पुलिस जहां रोके, वहीं सड़क किनारे खाली जगह पर बैठ जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क जाम करने का आरोप लगा पंजाब पुलिस पर किसानों को बदनाम करने की साजिश रच रही है।

**हथियारों से लैस 3 युवक हिरासत में**

चंडीगढ़ मोहाली बॉर्डर पर पुलिस ने नाके पर कार सवार 3 युवकों को हिरासत में लिया है। तीनों के पास हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने उनसे हथियार से जुड़े लाइसेंस मांगे तो वह नहीं दिखा पाए। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह बिल्डर के सुरक्षाकर्मी हैं। फिलहाल पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

### हैदराबाद में महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने सुसाइड किया

हैदराबाद में महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर के सुसाइड का मामला सामने आया है। 25 साल की देविका ने 2 मार्च की रात रायदुर्गम के प्रशांति हिल्स स्थित अपने घर में सीलिंग फैन से फांसी लगाकर जान दे दी।

घटना के बाद मृतक देविका की मां ने FIR दर्ज करवाई। जिसमें कहा कि दामाद सतीश शादी के बाद से ही देविका को दहेज के लिए परेशान करता था। इससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली।

देविका और सतीश एक ही सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते थे। दोनों 2 साल से एक-दूसरे को जानते थे। अगस्त 2024 में दोनों की गोवा में शादी हुई थी।

**मृतक की मां और परिवार के आरोप**

रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में देविका की मां ने बताया कि दामाद ने उनके नाम पर रजिस्टर्ड घर को अपने नाम पर करवाने के लिए बेटी पर दबाव डाला। साथ ही दहेज के लिए परेशान किया। देविका के परिवार वालों ने मीडिया से बातचीत में कहा- दहेज को लेकर देविका का पति उसे प्रताड़ित करता था। उसे शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न सहना पड़ा। अब सहन नहीं हुआ तो उसने खुद की जान ले ली।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 2 मार्च की रात टीवी रिमोट को लेकर पति-पत्नी के बीच बहस हुई, जिसके बाद पति घर छोड़कर चला गया।


**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**

**प्रभाग समिती क्र.3, सहाय्यक आयुक्त यांचे कार्यालय,**
महानगरपालिका शाळा क्र. 14, मिलीद नगर, उल्हासनगर-4.
दूरध्वनी क्र.-2720193

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**जा.क्र.उमपा/प्र.स.क्र.3/ /2025** **दिनांक: 4/3/2025**

**नोटीस**

**(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जत्तन अधिनियम १९७५ चे कलम ८ (3) अन्वये)**

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र. 3 चे हददीत खालील नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्ष तोडणेसाठी प्रस्ताव झालेला आहे.

प्लॉट नं. ४५, सीटीएस नं.१७६११-बी, शिट नं. ४, सेक्शन- ए, उल्हासनगर- ४२१००४, येथील जागेवर उल्हासनगर महानगरपालिका, नगररचना विभागामार्फत बांधकाम परवानगी, DDUMC/2025/APL/00148 DATE. 02/02/2025 प्राप्त झालेली आहे. सदर बांधकामामध्ये एकूण ९ झाडे म्हणजेच ६ पिंपळ, १ बंदाम, २ उंबर, १ जंगली झाडे आहेत.

| अ.क्र. | झांडाचा तपशिल | झाडांना देण्यात आलेले नंबर | अंदाजे ऊंची | बंधाची रूंदी | पुनर्रोपण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 पिंपळाचे झाड | 1 | अंदाजे 30 फुट उंची | 7 फुट रुंद | - |
| | | 2 | अंदाजे 15 फुट उंची | 3 फूट रुंद | होय |
| | | 3 | अंदाजे 20 फूट उंची | 5 फुट रुंद | - |
| | | 4 | अंदाजे 15 फुट उंची | 5 फुट रुंद | - |
| | | 5 | अंदाजे 10 फुट उंची | 2 फूट रुंद | होय |
| | | 6 | अंदाजे 10 फुट उंची | 2 फूट रुंद | होय |
| 2 | 1 बादाम | 7 | अंदाजे 25 फुट उंची | 3 फूट रुंद | होय |
| 3 | 1 उंबर | 8 | अंदाजे 30 फुट उंची | 7 फूट रुंद | - |
| | | 9 | अंदाजे 25 फुट उंची | 5 फूट रुंद | - |
| 4 | 1 जंगली झाड़ | 10 | अंदाजे 25 फुट उंची | 5 फूट रुंद | छाटणे. |

तसेच सदर संबंधित मुकादमाने झाडांचे पाहणी अहवाल तयार करुन पंचनामा सादर केलेला आहे. अहवालानुसार सदरची झाडे हे स्वताःच्या मालकी जागेवर असुन ५ झाडांचे पुनर्रोपन करुन लागवड करावयाची आहे. व उर्वरित ५ झाडांची तोड आवश्यकते नुसार करण्यात येईल, याबाबत आपली हरकत लेखी स्वरुपात दि.११/०3/२०२५ रोजी पूर्वी सहा-आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र.3 मिलींद नगर, मनपा शाळा क्र.१४. उल्हासनगर-४ या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबंधितास सुनावणी घेवून अंतिम निर्णय घेतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

सही/-
**(सलोनी निवकर)**
वृक्ष अधिकारी तथा सहा आयुक्त
प्रभाग समिती क्र 3
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जा.क्र. उमपा/पीआरओ/115/2025**
**दिनांक :- 5/03/2024**


# स्मिथ का वनडे से संन्यास

- चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से हार के बाद फैसला
- कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे थे



**दो वर्ल्ड कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी**

स्मिथ ने कहा, 'यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने इसके हर पल का लुत्फ उठाया है। बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रही हैं। दो वर्ल्ड कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी और साथ ही कई शानदार टीम–साथियों ने इस सफर को साझा किया। अब लोगों के लिए 2027 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करने का एक शानदार अवसर है, इसलिए ऐसा लगता है कि संन्यास लेने का यह सही समय है।'

चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ ने वनडे से संन्यास ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी घोषणा की है।

ऑस्ट्रेलिया की टीम को मंगलवार को भारत के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह टेस्ट खेलते रहेंगे। हालांकि, टी-20 इंटरनेशनल में वह काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं।

35 साल के स्मिथ ने भारत से हार के तुरंत बाद अपने साथियों को बता दिया था कि उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच खेल लिया है।

**स्मिथ ने 170 वनडे खेले**

स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कुल 170 वनडे खेले और 5800 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 43.28 का और स्ट्राइक रेट 86.96 का रहा। वनडे में उनकी बेस्ट पारी 164 रन की है। वनडे में उन्होंने 35 अर्धशतक और 12 शतक लगाए हैं। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में फॉर्म में नहीं थे। उन्होंने तीन पारियों में 48.50 की औसत से 97 रन बनाए थे। 73 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही।

**टेस्ट में 4 दोहरे शतक**

स्मिथ टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने टेस्ट में कई रिकॉ* बनाए हैं। 116 टेस्ट की 206 पारियों में स्मिथ ने 56.75 की औसत से 10,271 रन बनाए हैं। 239 रन की पारी उनकी बेस्ट पारी रही है। इस दौरान उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाए हैं। इनमें चार दोहरे शतक भी शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- कितने दागी नेताओं को राहत दी

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (4 मार्च) को चुनाव आयोग (EC) से ऐसे दागी नेताओं की लिस्ट मांगी जिन पर से उसने चुनाव लड़ने से बैन के पीरियड को कम कर दिया या हटा दिया। कोर्ट ने EC से 2 हफ्ते में जवाब मांगा है। वहीं, याचिकाकर्ता से कहा कि EC से जानकारी मिलने के बाद 2 हफ्तों के अंदर अपना जवाब दाखिल करें।

दरअसल रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट (RPA), 1951 में प्रावधान है कि दागी नेता 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होने पर 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते। भले ही उसे जमानत मिल गई हो या फैसले के खिलाफ ऊपरी कोर्ट में मामला चल रहा हो।

इसी एक्ट की धारा 11 के तहत EC के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। ऐसा करने पर स्पष्ट कारण भी दर्ज करना होगा। कोर्ट ने ऐसे ही मामलों की जानकारी मांगी है।

## संक्षेप...

### रक्तदान शिविर में 48 बोतलें रक्त जमा

**उल्हासनगर.** लाइनमैन के सम्मान में मंगलवार को कल्याण परिमंडल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इस मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले बिजली कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई. कल्याण एवं भांडुप परिमंडल के अंतर्गत उपमंडल स्तर पर बाइक एवं साइकिल रैली, रक्तदान शिविर आदि का आयोजन कर लाइनमैन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. कल्याण पूर्व मंडल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 48 रक्त बोतलें एकत्र की गईं.

# आजमी बजट सत्र तक के लिए सस्पेंड

### ■ औरंगजेब को लेकर विवादित बयान दिया था

**मुंबई.** मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। महाराष्ट्र का बजट सत्र 3 मार्च को शुरू हुआ और 26 मार्च को खत्म होगा।

संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में एक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि आजमी ने जो टिप्पणी की, उससे सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, जिसके कारण उनकी सदस्यता को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव को सदन में अध्यक्ष ने पारित कर दिया।

उधर यूपी बजट सत्र के आखिरी दिन सीएम योगी ने विधान परिषद में अबू आजमी के बयान का जिक्र किया। योगी बोले- भारत की आस्था को रौंदने वाले का महिमामंडन करने वाले सदस्य को सपा से बाहर निकाल देना चाहिए। उसे (अबू आजमी) यहां बुलाइए। उत्तर प्रदेश ऐसे लोगों का उपचार करने में देर नहीं करता।

3 मार्च को आजमी ने कहा था- हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर




बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई हिंदू और मुसलमान को लेकर थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता।

### 4 मार्च 2025: बयान वापस लेता हूं

बयान पर विवाद के बाद आजमी ने कहा- मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है। लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। मैंने वही कहा है जो इतिहासकारों और लेखकों ने लिखा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरुष के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है।

# गोमांस ले जाने के आरोप में 4 अरेस्ट

### ■ नेरुल और वाशी पुलिस की कार्रवाई

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय की सीमा से अवैध रूप से प्रतिबंधित गोमांस का परिवहन करने के आरोप में नेरुल और वाशी पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इन लोगों के पास से 1200 किलो गोमांस जब्त किया है. इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों का नाम अजहर इलाईस शहा, अब्दुल समद जावेद कुरैशी, जाकिर निसार पठान और नानू कुरैशी बताया गया है.

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में गोहत्या पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से गोमांस ले जाते समय उक्त आरोपियों को नेरुल और वाशी में पुलिस ने पकड़ा. पुलिस ने बताया कि जावेद कुरैशी अपने साथियों के साथ संगमनेर से गोमांस लेकर मुंबई के भायखला बेचने के लिए ले जा रहा था, उन्हें नेरुल फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया, इन लोगों की कार में लगभग 800 किलो मांस था, जिसे जब्त किया गया है. वहीं एक अन्य मामले में वाशी पुलिस ने वाशी टोल प्लाजा पर जाल बिछाया और जाकिर पठान की कार से 400 किलो प्रतिबंधित गोमांस जब्त किया, वह इस मांस को बेचने के लिए गोवंडी ले जा रहा था.

# फडणवीस सरकार का महिलाओं को बड़ा तोहफा

### ■ 8 मार्च को महिलाओं के खाते में आएगी डबल किश्त

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत के साथ ही सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा दिया है. वित्त मंत्रालय का जिम्मा संभाल रहे डिप्टी सीएम अजीत पवार ने सोमवार को बजट सत्र के पहले दिन 6,486 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें विधानसभा में पेश कीं. इनमें से 2,133.25 करोड़ रुपये केंद्र सरकार की तरफ से प्रायोजित योजनाओं के लिए रखे गए हैं. वहीं, ग्रामीण विकास विभाग के लिए 3,006.28 करोड़ रुपये, उद्योग, ऊर्जा और श्रम विभाग के लिए 1,688.74 करोड़ रुपये और शहरी विकास विभाग के लिए 590.28 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है.

इस बजट के साथ ही महिलाओं को एक बहुत बड़ी गुड न्यूज मिली है. महाराष्ट्र सरकार की 'लाडकी बहिण योजना' के तहत फरवरी और मार्च महीने का भुगतान एक साथ करने का ऐलान किया गया है. महिलाओं को हर महीने मिलने वाले 1,500 रुपये की राशि फरवरी में नहीं मिली थी, जिससे लाभार्थी महिलाओं को



इसका इंतजार था. इस पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिती तटकरे ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के मौके पर महिलाओं को दो महीने की राशि एक साथ मिलेगी. सरकार ने इसे महिलाओं के लिए एक बड़ा गिफ्ट बताया है.

अदिती तटकरे ने यह भी स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत उन्हीं महिलाओं को लाभ मिलेगा जो तय किए गए मानकों के तहत आती हैं. कुछ महिलाओं के आवेदन मानकों पर खरे नहीं उतरने की वजह से रद्द कर दिए गए हैं, जबकि कुछ लाभार्थियों ने स्वेच्छा से अपना आवेदन वापस ले लिया है.

महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले से लाखों महिलाओं को सीधा फायदा होगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. बजट सत्र में पेश किए गए अन्य प्रावधानों के साथ ही यह घोषणा महिलाओं के लिए एक राहत की खबर बनकर आई है.

राज्य विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को शुरू हुआ और बजट 10 मार्च को पेश किया जाएगा. अजित पवार की तरफ से रखी गईं अनुपूरक मांगों में ग्रामीण विकास विभाग के लिए 3,006.28 करोड़ रुपये, उद्योग, बिजली और श्रम विभागों के लिए 1,688.74 करोड़ रुपये और शहरी विकास विभाग के लिए 590.28 करोड़ रुपये शामिल हैं. सरकार ने सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभागों के लिए 313.93 करोड़ रुपये और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए 412.36 करोड़ रुपये मांगे हैं.

# छत्रपति शिवाजी महाराज चौक का पूर्ण सुशोभिकरण करने की मांग

**कल्याण.** कल्याण की पहचान के रूप में सुविख्यात छत्रपति शिवाजी महाराज चौक का पूर्ण सुशोभिकरण करने की मांग शिवसेना (उबाठा) के विधानसभा सह संगठक रूपेश चंद्रकांत भोईर ने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर की है।

कल्याण - डोंबिवली महानगरपालिका की प्रशासक और आयुक्त डॉ. इन्दुराणी जाखड को लिखे पत्र में रूपेश भोईर ने कहा है कि मनपा द्वारा हर साल छत्रपति शिवाजी महाराज चौक का



सुशोभिकरण किया जाता है। मगर यह सुशोभिकरण सिर्फ चौक के दर्शनी भाग का ही किया जाता है। संत शिरोमणी रोहीदास महाराज चौक से इस चौक की तरफ का भाग कभी सुशोभिकरण की श्रेणी में रखा ही नहीं गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज जी के पुतले का पिछला भाग भंगार का गोदाम बन चुका है। पिछले भाग में हमेशा बाम्बू और अन्य कबाड रखा रहता है। चौक के दायरे का पिछला भाग हमेशा उपेक्षित ही रहता है। जिससे चौक की शोभा पर असर पडता है। रूपेश भोईर ने मनपा आयुक्त से जल्द से जल्द पूरे चौक का सुशोभिकरण की मांग की है।

# ठाणे में बनेगा कन्वेंशन सेंटर, 260 मी. ऊंची दर्शक गैलरी

### ■ सांसद श्रीकांत शिंदे ने योजना बनाने का दिया सुझाव

**ठाणे.** ठाणे मनपा क्षेत्र में मोघरपाड़ा के पास 260 मीटर ऊंची दर्शक गैलरी का निर्माण किया जाएगा। उस क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर, शॉपिंग मॉल, कार्यालय आदि विकसित किये जायेंगे।सांसद श्रीकांत शिंदे ने सुझाव दिया है कि ऐसी प्रस्तावित परियोजनाए जो शहर के लिए आवश्यक हैं उन्हें आर्थिक रूप से योजनाबद्ध किया जाना चाहिए।ठाणे मनपा क्षेत्र में प्रस्तावित स्पेक्टेटर गैलरी और कन्वेंशन सेंटर, कोलशेत में टाउन पार्क, कलवा में यशवंत राम सालवी स्विमिंग पूल, खारेगांव में प्रस्तावित न्यू थिएटर आदि परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा शुक्रवार को की गई।इस बैठक के लिए सांसद श्रीकांत शिंदे, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक जीतेंद्र आव्हाड, मनपा आयुक्त




सौरभ राव,जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनगरा, पूर्व नगरसेवक गोपाल लांडगे, राम रेपाले, रमाकांत माढ़वी, नजीब मुल्ला और जिला प्रशासन और मनपा के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।मोघरपाड़ा में लगभग 8000 करोड़ रुपये की लागत से 260 मीटर ऊंची दर्शक गैलरी, कन्वेंशन सेंटर, होटल, गोल्फ कोर्स, मॉल, कार्यालय, कला दीर्घाएं प्रस्तावित हैं।इस बैठक में इसके लिए आवश्यक कुल जगह, अधिगृहीत जगह आदि की जानकारी दी गयी। परियोजना पूरी तरह से वित्तीय रूप से व्यवहार्य होनी चाहिए।इसे उसी के अनुरूप डिजाइन किया जाना चाहिए।सांसद श्रीकांत शिंदे ने सुझाव दिया कि स्थानीय जरूरतें क्या हैं इसका अध्ययन किया जाना चाहिए।इसके साथ ही कोलशेत में 22 एकड़ भूमि पर खेल परिसर, एक्वेरियम, विज्ञान केंद्र, तारामंडल, व्यावसायिक उपयोग की जगह सहित एक टाउन पार्क प्रस्तावित है।इस पर 600 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है।इस बैठक में इसका प्रस्तुतिकरण भी किया गया।साथ ही कलवा में स्थित यशवंत राम सालवी स्विमिंग पूल को पूरी तरह से तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराया जाए।इसमें तालाब, ऑडिटोरियम, अन्य खेल सुविधाएं आदि डिजाइन की जाएं।एक विस्तृत योजना प्रस्तुत की जानी चाहिए। सांसद श्रीकांत शिंदे ने यह भी बताया कि कलवा क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं बनाई जानी चाहिए। इसके साथ ही खारेगांव में रंगमंच के आरक्षण स्थल पर अन्य सुविधाओं सहित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का डिजाइन तैयार करने के निर्देश बैठक में दिए गए। विधायक जीतेंद्र आव्हाड ने कहा कि इस क्षेत्र में थिएटर की जरूरत है इसलिए थिएटर व अन्य सुविधाएं लोगों के काम आएंगी। साथ ही सांसद नरेश म्हस्के ने सुझाव दिया कि बड़े थिएटर बनाने की तुलना में 300-350 दर्शकों की क्षमता वाला छोटा थिएटर बनाने से ज्यादा रिस्पॉन्स मिलेगा। इसके अलावा मुंब्रा बायपास से खारेगांव टोल रोड तक डेढ़ किलोमीटर के पारसिक वॉटर फ्रंट डेवलपमेंट कार्य की भी समीक्षा की गई।इन कार्यों में प्रवेश द्वार और सौंदर्यीकरण के कुछ कार्य शेष हैं जिन्हें सांसद शिंदे ने तत्काल करने के निर्देश दिये।

# आव्हाड की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 17 मार्च को

**ठाणे.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार ) के विधायक डॉ.जितेंद्र आव्हाड एवं उनके सात सहयोगियों के अग्रिम जमानत पेर सुनवाई अब 17 मार्च को होगी. शिकायतकर्ता रिधा रशीद की तरफ से दर्ज कराये मामले में आव्हाड एवं उनके सहयोगियों ने ठाणे सत्र



न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था. प्रतिवादी के वकीलों ने ठाणे सत्र न्यायालय की न्यायाधीश रूबी मालवणकर से समय मांगा था.जिसे स्वीकार करते हुए अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार 17 मार्च को समय तय किया गया है.

### आम सूचना

मैं श्री किशन करमचंद भाटिया सभी को सूचित कर रहा हूं कि शाप नं. 4, ग्राउंड फ्लोर, मदालसा अपार्टमेंट, रुम नं. 2 से 7, बैरक नं. 1035, दशहरा मैदान के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 36बीओ006584900) उक्त प्रॉपर्टी श्री श्याम महेन्द्रकुमार बुधराणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.11.2024 सी.नं. 952/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री किशन करमचंद भाटिया**

### आम सूचना

हम श्री रजनीकांत किसन जाधव व श्रीमती संजीवनी रजनीकांत जाधव सभी को सूचित कर रहे हैं कि बी विंग, फ्लैट नं. 503, पांचवा माला, प्लाट नं. 646, शीट क्र. 60, बैरक नं. 761 के पास, मधुसूदन आश्रम के पास, उल्हासनगर- 3. श्रेत्रफल 688 स्क.फुट (टैक्स नं. 11बीआय004339900) उक्त प्रॉपर्टी श्री हिरालाल समनदास तुरसानी व श्रीमती धनवंती हिरालाल तुरसानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट द्वारा हमने खरीदी है। श्री हिरालाल समनदास तुरसानी व श्रीमती धनवंती हिरालाल तुरसानी इन्होने उक्त प्रॉपर्टी अंजू ठाकूरदास पंजाबी इनसे खरेदी थी। जिस कारण उक्त प्रॉपर्टी हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रजनीकांत किसन जाधव व**
**श्रीमती संजीवनी रजनीकांत जाधव**

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है कि मेरे मुवक्किल श्री विनोद केसवानी इन्होंने शाप नं. 3,8.9 X 4.1/2 स्क. फुट, शाप नं. 4, 4.1/2 X 4.3/4 स्क. फुट, मायापुरी शापिंग काम्प्लेक्स, पोरशन आफ प्लाट नं. 348, सेक्शन 7ए, शीट नं. 72, यू नं. 203, ठाकुर स्टूडियो के पीछे, उल्हासनगर- 421001. इस प्रॉपर्टी के बिक्री का सौदा श्री अनिल भगवान जयसिंघानी के साथ मेरे मुवक्किल ने किया है।

अगर उपरोक्त प्रॉपर्टी के बारे में किसी हिस्से के लिए किसी भी व्यक्ति को मोरारसी हक, वास्ता जैसे कि बिक्री नामा, गिरवी नामा, बक्षीस नामा, वसीयत नामा व कब्जा इत्यादि अथवा किसी भी कोर्ट केस या संस्था/बैंक को देना ऐसी किसी किस्म की आपत्ति (ऐतराज) हो तो वह लेखी में पूरे सबूतों के साथ इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पत्ते पर अपनी आपत्ति सबूतों के साथ समय पर भेजे। अन्यथा दूसरी हालत में आम सूचना के समय पूरे होने के बाद उपरोक्त प्रॉपर्टी का सौदा कर पूरा कर दिया जाएगा उसके बाद कोई भी आपत्ति या दावा सुना नहीं जाएगा।

सही/-
**एड. पिंकी बुधवानी**
शॉप नं. 2, लासी हाल के पास, हेमराज डेयरी रोड,
उल्हासनगर-421001. मो. 7057805281

# 7 अप्रैल को मनपा लोकतंत्र दिवस का आयोजन

## नागरिकों से 21 मार्च तक विवरण प्रस्तुत करने का आवाहन

**ठाणे.** ठाणे मनपा का अगला लोकतंत्र दिवस 7 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया है।नागरिकों को अपना आवेदन-पत्र दो प्रतियों में अप्रैल माह में लोकतंत्र दिवस के 15 दिन पूर्व अर्थात 21 मार्च तक मनपा मुख्यालय नागरिक सुविधा केन्द्र में जमा करना होगा। इस विवरण को दाखिल करते समय आवेदक को प्रत्येक विवरण के साथ फॉर्म-1 (बी) जमा करना होगा।फॉर्म1 (बी) नागरिक सुविधा केंद्र पर उपलब्ध है। महाराष्ट्र सरकार सामान्य प्रशासन विभाग परिपत्र क्रमांक प्रोसुधा 1099/सीआर 23/98/18 ए



दिनांक 26 सितंबर 2012 के अनुसार दिसंबर-2012 से लोकतंत्र दिवस के दिन नागरिकों के शिकायत को स्वीकार न करते हुए यह स्पष्ट किया गया है।इन शिकायत को दो प्रतियों में लोकतंत्र दिवस से 15 दिन पहले मनपा कार्यालय में जमा करना होगा। इस लोकतंत्र दिवस में मुख्यालय पर जिन नागरिकों ने सर्कुलर लोकतंत्र दिवस के दौरान अपने शिकायत को जमा किए है। साथ ही जिन शिकायत पर 1 महीने तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है उनके शिकायत भी स्वीकार किए जाएंगे।नागरिकों को मनपा मुख्यालय में लोकतंत्र दिवस में विवरण प्रस्तुत करते समय सर्कल लोकतंत्र दिवस के दौरान प्राप्त टोकन नंबर का उल्लेख करना आवश्यक है। आवेदक को एक आवेदन में केवल एक ही शिकायत प्रस्तुत करनी होगी, एक से अधिक शिकायत वाला आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### 7 अप्रैल को नवी मुंबई मनपा में लोकशाही दिवस

**नवी मुंबई.** सरकार के निर्देशानुसार नवी मुंबई मनपा स्तर पर प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को मनपा मुख्यालय में लोकशाही दिवस का आयोजन किया जाता है। अप्रैल माह का लोकशाही दिवस 7 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए 24 मार्च 2025 तक मनपा आयुक्त के नाम पर आवेदन देना होगा, जिसमें सामने की तरफ 'लोकशाही दिवस के लिए आवेदन' का प्रमुखता से उल्लेख होना चाहिए. इस आवेदन में उल्लिखित शिकायत व्यक्तिगत और विभाग से संबंधित एक ही विषय के लिए होना चाहिए. ऐसी जानकारी मनपा प्रशासन ने मीडिया को दी. उक्त आवेदन को https://nmmconline.in/ पर त्वरित लिंक आइकन से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है.

### आम सूचना

मैं श्री राजेश हनुमंता विटे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, शिवनेरी निवास, जेएम बिल्डिंग के पास, शाप लाईन के पीछे, एच एम गेट के सामने, तानाजी नगर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 04एओ018503700) उक्त प्रॉपर्टी श्री भारत अशोक आहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.3.2025 सी.नं. 907/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेश हनुमंता विटे**

### आम सूचना

मैं श्री राजकुमार सुभाषचन्द्र गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि घर सरकारी जमीन पर, बैरक नंबर 1605 व 1606, सेक्शन 26, बी/एच, साई सरोवर अपार्टमेंट, क्षेत्रफलः 5 x 23 = 115 स्क.फुट, उल्हासनगर- 4. उक्त प्रॉपर्टी श्री भारत अशोक आहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.3.2025 सी.नं. 257 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजकुमार सुभाषचन्द्र गुप्ता**

# आएशा टाकिया के पति की हुई गोवा से गिरफ्तारी

## एक्ट्रेस बोलीं- बच्चे और पति को 150 लोगों से जान का खतरा था, बचाव में पुलिस बुलाई थी

मंगलवार को आएशा टाकिया के पति फरहान आजमी के खिलाफ गोवा में शिकायत दर्ज हुई थी। आरोप हैं कि उन्होंने पब्लिक प्लेस में हंगामा करते हुए शांति भंग करने की कोशिश की। अब आएशा टाकिया ने पति का बचाव कर बताया है कि उस रोज कुछ गुंडों ने उनके पति और बच्चे का शोषण किया। उन्होंने बचाव में पुलिस को इत्तेला दी, लेकिन स्थानीय लोगों ने उल्टा उन्हें ही गिरफ्तार करवा दिया।

आएशा टाकिया ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर लिखा, हमारे परिवार के लिए आज सुबह तक ये एक डरावनी रात थी। मेरे पति और बेटे को बुरी तरह परेशान



किया गया और वो अपनी जिंदगी के लिए डरे हुए थे, क्योंकि गोवा के गुंडों ने उन पर हमला किया, उन्हें धमकाया और घंटों तक प्रताड़ित किया। उन लोगों ने पुलिस के साथ भी मारपीट की, जिसे मेरे पति ने हमारे बेटे और उसकी सुरक्षा के लिए बुलाया था।

आगे एक्ट्रेस ने लिखा, गोवा में महाराष्ट्र के लिए नफरत ऊंचाई पर पहुंच चुकी है। वो लोग लगातार मेरे पति और बच्चे को महाराष्ट्र से होने और बड़ी गाड़ी में होने के लिए कोस रहे थे। पुलिस ने मेरे पति के खिलाफ ही शिकायत दर्ज की, जबकि असल में करीब 150 लोगों की भीड़ उन्हें परेशान कर रही थी और उन्होंने खुद 100 नंबर डायल कर पुलिस से मदद मांगी थी।

### आएशा टाकिया बोलीं- मेरे पास फुटेज है

आएशा ने इंस्टाग्राम पर इस घटना की एक वीडियो भी पोस्ट की है, जिसमें कुछ महिलाएं फरहान की गाड़ी रोकती नजर आ रही हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बात साबित करने के लिए उनके पास सीसीटीवी फुटेज से लेकर घटना के वीडियो भी मौजूद हैं।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099